# आर.सी.व्ही.पी. नरोन्हा,
# प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी,
# मध्यप्रदेश, भोपाल

## विभागीय प्रशासकीय प्रतिवेदन

## वर्ष 2024-25



# आर.सी.व्ही.पी.नरोन्हा, प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, मध्य प्रदेश, भोपाल
## (अकादमी छायाचित्र)
















# आर.सी.व्ही.पी.नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, मध्यप्रदेश,भोपाल

**महानिदेशक – श्री सचिन सिन्हा**
**आई.ए.एस.**

**संचालक - श्री मुजीर्बुरहमान खान**
**आई.ए.एस.**

# अनुक्रमणिका


| सं.क्र. | विषय-वस्तु | पृष्ठ क्रमांक |
|---|---|---|
| 1 | विभागीय परिचय | 5 |
| 2 | महानिदेशक का संदेश | 6 |
| 3 | संचालक का संदेश | 7 |
| 4 | दृष्टि एवं ध्येय | 8 |
| 5 | दायित्व | 9 |
| 6 | गुणवत्ता नीति | 10 |
| 7 | प्रशिक्षण पद्धति | 11 |
| 8 | अकादमी द्वारा आयोजित किये जाने वाले मुख्य प्रशिक्षण | 12 |
| 9 | अकादमी की पदीय संरचना | 13-14 |
| 10 | वित्तीय वर्ष 2024-25 में कार्यरत तथा सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारी | 15-19 |
| 11 | अधोसंरचना | 20-24 |
| 12 | विभिन्न केन्द्र एवं परियोजनाएं | 25 |
| 13 | वर्ष 2024-25 में आयोजित विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम | 26-27 |
| 14 | उपलब्धियां | 28-30 |
| 15 | लेखा एवं बजट | 30 |

# विभागीय परिचय

आर.सी.वी.पी.नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी की स्थापना वर्ष 1966 में ''लाल बहादुर शास्त्री लोक प्रशासन'' संस्थान के नाम से हुई थी । इस संस्थान का मूल उद्देश्य नव नियुक्त डिप्टी कलेक्टर एवं नायब तहसीलदार को प्रशासन एवं कानून व्यवस्था संबंधी प्रशिक्षण प्रदान करना है। दिनांक 01 अप्रैल 1976 में अकादमी का नाम बदल कर प्रशासन अकादमी, मध्यप्रदेश रखा गया । वर्ष 1976 में ही यह संस्थान अरेरा कालोनी, 1100 क्वार्टस में स्थानान्तरित किया गया । दिनांक 11 अक्टूबर 2001 को मध्यप्रदेश प्रशासन अकादमी का नाम आर.सी.वी.पी.नरोन्हा प्रशासन अकादमी, मध्यप्रदेश रखा गया । दिनांक 30 जुलाई 2003 को आंशिक संशोधन कर अकादमी का नाम आर.सी.वी.पी.नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी किया गया।

समय के साथ-साथ प्रशासन अकादमी के कार्यक्षेत्र का विस्तार हुआ है। वर्तमान में शासन के विभिन्न विभागों के लिए अकादमी में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है, प्रशिक्षण के क्षेत्र में अकादमी प्रदेश की शीर्षस्थ प्रशिक्षण संस्था है । वर्ष 1994 में भारत सरकार ने अकादमी को प्रशिक्षण के क्षेत्र में सम्पूर्ण गुणवत्ता प्रबन्धन के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य के लिये सम्मानित किया गया था।

प्रदेश शासन के मुख्य सचिव स्तर के अधिकारी अकादमी के महानिदेशक के पद पर पदस्थ होते हैं जिनके प्रशासनिक एवं वित्तीय नियंत्रण में अकादमी कार्य करती है।

अप्रैल 2015 में कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार द्वारा प्रशिक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट पद्धतियों को अपनाने के लिए दो राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

अकादमी मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों के लिये उनकी मांग एवं आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करती है।

भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के द्वारा नेशनल कैलेण्डर के अंतर्गत आबंटित प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं गैर शासकीय एवं स्वैच्छिक संस्थाओं के लिये भी अकादमी में प्रशिक्षण आयोजित किये जाते है। अकादमी में नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम के अतिरिक्त राज्य की प्रशिक्षण नीति को व्यवहार में लाने के लिये विभिन्न विभागों के लिये कार्यशाला, सेमीनार एवं कान्फ्रेंस आयोजित करना, विचार मंथन करना तथा प्राप्त अनुशंसाओं को प्रभावी तरीके से लागू करने हेतु इस दिशा में प्रयास किया जाता है। शासन के उद्देश्यों की पूर्ति के लिये अकादमी में विशिष्ट केन्द्रों की स्थापना भी राज्य शासन के अनुमोदन से की गई है। वर्तमान में प्रशासन अकादमी में 08 केन्द्र/परियोजनाएं पंजीकृत संस्थाएं स्थापित हैं।

# <u>महानिदेशक का संदेश</u>

आर.सी.व्ही.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी की स्थापना वर्ष 1966 में हुई थी। आज यह प्रदेश का शीर्षस्थ प्रशिक्षण संस्थान है जो राज्य एवं केन्द्र सरकार के अधिकारियों के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करता है।

अकादमी में प्रशिक्षणार्थियों के लिए समस्त अद्यतन सुविधाएं यथा सुसज्जित प्रशिक्षण कक्ष, ग्रंथालय, सूचना प्रौद्योगिकी, खेलकूद सुविधाएं, योगाभ्यास, जिम और आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं । अकादमी द्वारा वर्ष 2024-25 में अब तक 259 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर 9035 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षित किया गया है।

वर्ष 2022 में अकादमी को गुणवत्ता के लिए आई.एस.ओ. 9001:2015 प्रमाणीकरण प्राप्त हुआ है तथा भारत सरकार कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा प्रशिक्षण के क्षेत्र में नवाचार एवं उत्कृष्ट पद्धतियों को अपनाने के लिए पुरस्कृत किया गया।

क्षमता निर्माण आयोग के राष्ट्रीय मापदण्डों के अंतर्गत अकादमी को 10 अक्टूबर, 2024 को मान्यता (Accreditation) भी प्रदान की गई है।

अकादमी परिवार लोक सेवकों की नेतृत्व तथा प्रबंधकीय कौशल की क्षमताएं विकसित करने के उद्देश्य से प्रशिक्षण के क्षेत्र में नवाचारी पद्धतियों को समाहित कर उच्च गुणवत्ता के मापदण्डों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराता रहेगा।

**सचिन सिन्हा**

**महानिदेशक**

# संचालक का संदेश

आर.सी.व्ही.पी.नरोन्हा, प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी द्वारा वर्ष 1966 में दो प्रशिक्षण कार्यक्रमों के साथ लोक सेवकों की क्षमता संवर्धन के क्षेत्र में अपना पहला कदम बढ़ाया था। अपनी इस दीर्घ यात्रा में अकादमी ने भौतिक एवं शैक्षणिक स्तर पर अनेक उपलब्धियॉ अर्जित की हैं तथा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाई हैं।

अकादमी में उपलब्ध भौतिक सुविधाओं, शैक्षणिक वातावरण एवं अकादमिक क्षमता को देखते हुए भारत सरकार द्वारा अकादमी को अखिल भारतीय एवं केन्द्रीय सिविल सेवा ग्रेड-ए के अधिकारियों के लिए आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया। वर्ष 2021 तक अखिल भारतीय एवं केन्द्रीय सेवा के अधिकारियों के लिए 09 प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किये जा चुके है।

दिनांक 11 अप्रैल 2015 को भारत सरकार, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा ''आपकी जागरूकता हेतु दृश्य संवादात्मक पद्धति (Video Interactive Didactics for Your Awareness)'' तथा ''उद्यम संसाधन योजना'' सहित प्रशिक्षण कैलेण्डर तथा अनुवर्ती कार्यवाही (Preparation of training calendar and follow up with ERP)" में श्रेष्ठ कार्य प्रणाली संबंधी अभिनव पहल के लिए अकादमी को राष्ट्रीय उत्कृष्टता प्रशिक्षण पुरस्कार 2015 में प्रदान किया गया था।

अकादमी अपनी सेवाओं एवं संसाधनों के क्षेत्र में गुणवत्ता एवं उत्कृष्टता प्राप्त करने हेतु सतत रूप से प्रयासरत है। इसी क्रम में 10 स्मार्ट प्रशिक्षण कक्ष तैयार किए गए हैं । प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अंतर्गत कठिन विषयों को समझने के उद्देश्य से भूमिका निर्वहन (रोल-प्ले) एवं फिल्म आधारित समीक्षा को प्रशिक्षण की विधा के रूप में अपनाया गया है । दीर्घ अवधि के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रात:कालीन योग, पी.टी., एवं सायंकालीन खेलकूद को अनिवार्य किया गया है। प्रशिक्षणार्थियों के लिए उत्कृष्ट खेल सुविधाएं विकसित की गई हैं।

मुझे पूरा विश्वास है कि आगे भी अकादमी निरन्तर प्रगति पथ पर अग्रसर रहते हुए लोक सेवकों की क्षमता संवर्धन करती रहेगी।

**मुजीबुर्रहमान खान**
**संचालक**

## दृष्टि एवं ध्येय

- एक ऐसा वातावरण निर्मित करना, जो शिक्षा और सृजनात्मकता को प्रोत्साहित करता हो।
- प्रशिक्षण के क्षेत्र में प्रशिक्षु अधिकारियों को अकादमिक नेतृत्व प्रदान करना।
- समस्त लोक सेवकों के लिए दूरस्थ प्रशिक्षण पद्धति सहित विविध पद्धतियों के माध्यम से प्रशिक्षण उपलब्ध कराना।
- प्रशिक्षणार्थियों को व्यावसायिक दक्षता एवं नैतिकता के उच्च मापदण्डों को प्रोत्साहित करना।
- प्रशिक्षणार्थियों को इस योग्य बनाना कि वे समाज को अपनी उत्कृष्ट सेवाएं दे सकें।

- अकादमी द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करना।
- अकादमी द्वारा अपनाई जाने वाली कार्यप्रणाली एवं प्रक्रियों को मानकीकृत करना।
- अकादमी  द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता में उत्तरोतर वृद्धि करना।

# दायित्व

- राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के लिये प्रशिक्षण नीति निर्माण में सहयोग एवं सलाह देना।
- सम्पूर्ण राज्य में आवश्यकतानुसार राज्य की अन्य सेवाओं को प्रशिक्षण के प्रबन्धन हेतु मार्गदर्शन देना।
- राज्य की उच्च सेवाओं के लिये सीधी भर्ती द्वारा चयनित व पदोन्नत अधिकारियों के लिये प्रशिक्षण की संरचना व आयोजन करना।
- प्रशिक्षण तथा विकास से संबंधित क्षेत्रों में अध्ययन तथा अनुसंधान के कार्य करना।
- प्रशिक्षण के क्षेत्र में नये विकास को समाहित करने की दृष्टि से अन्य प्रशिक्षण संस्थाओं से सतत् सम्पर्क तथा सहयोग बनाये रखना।
- निम्नलिखित संस्थाओं/व्यक्तियों के लिये प्रशिक्षण आयोजित करना:-

  I. भारत सरकार

  II. राज्य सरकार

  III. भारत सरकार के उपक्रम

  IV. राज्य सरकार के उपक्रम

  V. निर्वाचित जनप्रतिनिधि

  VI. पंचायतों के निर्वाचित पदाधिकारी

  VII. नगरीय विकास के पदाधिकारी

  VIII. स्वयं सेवी संस्थाएं

  IX. जिला एवं प्रदेश स्तरीय अन्य प्रशिक्षण संस्थाएं

# गुणवत्ता नीति

गुणवत्ता नीति से आशय उन प्रमुख नीतियों से है, जिन्हें लक्ष्यों को साकार करने के उद्देश्य से अकादमी के द्वारा लागू किया जाना है, इस अकादमी की गुणवत्ता नीति निम्नानुसार है-:

- शासन द्वारा प्रदाय की जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता के उच्च मापदण्ड निर्धारित करना और उन्हें लागू करना ताकि सेवा प्राप्त करने वाले सगठनों एवं प्रशिक्षणार्थियों को संतुष्ट किया जा सके ।
- समस्त कार्यों की प्रक्रियाओं को अभिलिखित करना, उनका मानकीकरण करना एवं उनमें निरंतर सुधार लाना ।
- सभी संबंधित वर्गो को ''गुणात्मक सुधार समूह'' में सम्मिलित कर गुणवत्ता को निरंतर बढ़ाना।
- संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों को उनके व्यक्तिगत विकास के अवसर उपलब्ध कराना ताकि उनके व्यक्तिगत विकास के साथ ही संस्था का विकास हो ।
- भारत सरकार की मिशन कर्मयोगी की अवधारणा के अनुरूप अकादमी द्वारा राज्य प्रशिक्षण नीति तैयार की गई है ।

## प्रशिक्षण पद्धति

आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, मध्यप्रदेश, भोपाल मध्यप्रदेश शासन की शीर्षस्थ प्रशिक्षण संस्थान है। अकादमी अपने सीमित मानव संसाधनों का उपयोग करते हुये प्रतिवर्ष लगभग 250 से 300 प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन/संचालन मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों/उपक्रमों/ भारत सरकार एवं अन्य राज्यों के अधिकारियों/कर्मचारियों के लिये करती है। इसके अतिरिक्त केन्द्रों/ परियोजनाओं का संचालन, विभिन्न विभागों के लिये संगोष्ठी/कार्यशाला/सम्मेलन इत्यादि का आयोजन भी अकादमी की नियमित गतिविधियों के अंग है।

अकादमी में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अंतर्गत विषय विशेषज्ञों को व्याख्यान हेतु आमंत्रित किया जाता है। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों के लिए पैनल डिस्कशन, समूह चर्चा, सॉफ्ट स्किल, प्रतिवेदन लेखन, बुक रिव्यू से संबंधित गतिविधियां, क्षेत्रीय व ग्रामीण भ्रमण एवं भारत दर्शन, गैर शासकीय संगठन (NGO) भ्रमण, ट्रेकिंग, सामूहिक गतिविधियां तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, जिससे उनके बौद्धिक, सामाजिक, व्यवहारिक, प्रशासनिक ज्ञान, आदि के विकास में वृद्धि होती है। इसके साथ ही प्रशिक्षणार्थियों को जनजातीय क्षेत्रों का भ्रमण भी कराया जाता है।

प्रशासन अकादमी द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 में 281 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं जिसमें 11,078 प्रशिक्षणार्थी लाभान्वित हुए। वर्ष 2023-24 में कुल 287 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, जिसमें 11,786 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया। अकादमी द्वारा वर्ष 2024-25 में 25 फरवरी 2025 तक 259 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर 9035 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षित किया गया है।

## अकादमी द्वारा आयोजित किये जाने वाले मुख्य प्रशिक्षण

- भारतीय प्रशासनिक सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों के लिये राज्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन।
- अखिल भारतीय एवं केन्द्रीय सिविल सेवा के अधिकारियों के लिये संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन।
- मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग से चयनित विभिन्न विभागों के द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों का संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन।
- मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग से चयनित उप जिलाध्यक्षों के लिए आधारभूत एवं परिचयात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन।
- भारत सरकार एवं विभिन्न राज्यों द्वारा प्रायोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन।
- राज्य प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए मिड कैरियर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन।
- भारत सरकार, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा प्रायोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन।
- राज्य शासन के विभिन्न विभागों द्वारा प्रायोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम।

# अकादमी की पदीय संरचना

| क्र. | श्रेणी | पद संख्या |
|---|---|---|
| 1 | प्रथम | 16 |
| 2 | द्वितीय | 08 |
| 3 | तृतीय | 51 |
| 4 | चतुर्थ | 31 |
| 5 | आकस्मिकता निधि सेवा | 25 |
| 6 | स्थायी कर्मी | 14 |

## प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के स्वीकृत पद

| **क्र.** | **पद** | **पद संख्या** |
|---|---|---|
| 1 | महानिदेशक | 1 |
| 2 | संचालक | 1 |
| 3 | प्राध्यापक (विधि) | 1 |
| 4 | प्राध्यापक (लोकनीति) | 1 |
| 5 | प्राध्यापक (वित्त) | 1 |
| 6 | प्राध्यापक (व्यावहार विज्ञान) | 1 |
| 7 | प्राध्यापक (लोक प्रशासन) | 1 |
| 8 | रीडर, (लोक प्रशासन) | 1 |
| 9 | रीडर, (अर्थशास्त्र) | 1 |
| 10 | रीडर, (वित्तीय प्रबंधन) | 1 |

| क्र. | पद | पद संख्या |
|---|---|---|
| 11 | अधीक्षण यंत्री | 1 |
| 12 | संयुक्त संचालक (प्रशिक्षण) | 1 |
| 13 | उप संचालक (प्रशा) | 1 |
| 14 | उप संचालक (लेखा) | 1 |
| 15 | कार्यपालन यंत्री | 2 |
| 16 | व्याख्यता कम्प्यूटर साईंस/सिस्टम एनालिस्ट | 1 |
| 17 | सहायक प्राध्यापक, लोक प्रशासन | 1 |
| 18 | सहायक प्राध्यापक, समाज शास्त्र | 1 |
| 19 | सहायक संचालक (लेखा) | 1 |
| 20 | स्टूडियो इंजीनियर | 1 |
| 21 | प्रशासकीय अधिकारी | 1 |
| 22 | वरिष्ठ निज सहायक | 1 |
| 23 | वरिष्ठ ग्रंथपाल | 1 |
| | योग | 24 |

# वित्तीय वर्ष 2024-25 में पदस्थ अधिकारी एवं कर्मचारी

| क्र. | अधिकारी का नाम एवं पद | अवधि |
|---|---|---|
| **प्रथम श्रेणी -** | | |
| 1 | श्री अनिरूद्ध मुकर्जी, (आई.ए.एस.)<br>महानिदेशक | 21-11-2022 से 06-02-2024 |
| 2 | श्री विनोद कुमार, (आई.ए.एस.)<br>महानिदेशक | 06-02-2024 से 30-06-2024 |
| 3 | श्री जे.एन. कानसोटिया,(आई.ए.एस.)<br>महानिदेशक | 01-07-2024 से 03-02-2025 |
| 4 | श्री सचिन सिन्हा, (आई.ए.एस.)<br>महानिदेशक | 04-02-2025 से निरंतर.. |
| 5 | श्री मुजीबुर्रहमान खान, (आई.ए.एस.)<br>संचालक | 10-11-2022 से निरंतर.. |
| 6 | श्रीमती नंदा भलावे कुशरे,<br>उप संचालक<br>(राज्य प्रशासनिक सेवा) | 26-02-2024 से 30-01-2025 |
| 7 | श्रीमती नेहा भारतीय (रा.प्र.से.)<br>विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी | 08-09-2021 से निरंतर.. |
| 8 | श्री रामबाबू धाकड<br>संयुक्त संचालक (वित्त)<br>(म.प्र.वित्त एवं लेखा सेवा) | 06-12-2023 से निरंतर.. |
| 9 | डॉ अनुपमा रावत<br>प्राध्यापक (लोकनीति)<br>(प्रतिनियुक्ति) उच्च शिक्षा विभाग | 10-07-2023 से निरंतर.. |
| 10 | श्री प्रमोद चतुर्वेदी,<br>सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य)<br>(उच्च शिक्षा विभाग) | 04-06-2009 से 11-12-2023 |
| 11 | श्रीमती कहकशां सिद्दीकी,<br>महाप्रबंधक<br>(ऊर्जा विभाग) | 05-04-2023 से 31-05-2024 |
| 12 | श्री अनादि मिश्रा<br>रीडर, वित्तीय प्रबन्धन (संविदा) | 12-04-2023 से निरंतर.. |
| | | |

**द्वितीय श्रेणी -**

| | | |
|---|---|---|
| 13 | श्री संतोष कुमार सक्सेना,<br>वरिष्ठ निज सहायक | 06-06-2016 से निरंतर.. |
| 14 | श्रीमती रूचि जैन,<br>सिस्टम एनालिस्ट/<br>व्याख्याता, कम्प्यूटर साईंस (संविदा) | 09-11-2006 से निरंतर.. |
| 15 | सुश्री प्रिया शर्मा,<br>सहायक प्राध्यापक, लोक प्रशासन<br>(संविदा) | 17-03-2023 से निरंतर.. |

| क्र. | शासकीय सेवक का नाम | पद |
|---|---|---|
| **तृतीय श्रेणी -** | | |
| 1 | श्री एच. के. सिंह, | कम्प्यूटर आपरेटर कम प्रोग्रामिंग असिस्टेंट |
| 2 | श्री संदीप दीक्षित,<br>(म.प्र. अधीनस्थ लेखा सेवा) | सहायक लेखाधिकारी |
| 3 | श्री सुरेन्द्र कुमार पीटर, | निज सहायक |
| 4 | श्री राजाराम बिसारिया | सहायक ग्रेड-1 |
| 5 | श्रीमती योजना मेश्राम | शीघ्रलेखक |
| 6 | श्री वेदपाल सिंह | शीघ्रलेखक |
| 7 | श्री संजय कामले | शीघ्रलेखक |
| 8 | श्रीमती गिरिजा सुरेश | सहायक ग्रेड-2 |
| 9 | श्री अजीत कुमार खलखो | स्टेनो-टायपिस्ट |
| 10 | श्री अरूण वर्मा | स्टेनो-टायपिस्ट |
| 11 | श्री एल.एन.प्रजापति | सहायक ग्रेड-3 |
| 12 | श्रीमती एलिजाबेथ वर्गीस | सहायक ग्रेड-3 |
| 13 | श्री विजय सिंह | सत्कार सहायक |
| 14 | श्री देवेन्द्र कोसरे | सहायक ग्रेड-3 |
| 15 | श्री दीपक सोनी | सहायक ग्रेड-3 |
| 16 | सुश्री कविता मार्को | सहायक ग्रेड-3 |
| 17 | सुश्री ज्योति पटेल | सहायक ग्रेड-3 |
| 18 | श्रीमती ज्योति वर्मा | सहायक ग्रंथपाल (संविदा) |
| 19 | श्री राज कुमार रंगीले | सहायक ग्रंथपाल (संविदा) |
| 20 | श्री अशोक मिश्रा | कैमरामेन (संविदा) |
| 21 | श्री संजय श्रीवास्तव | सहायक प्रोड्यूसर (संविदा) |
| 22 | श्री सुरेन्द्र कुमार छापरे | टेक्नीकल असिस्टेंट, विजन मिक्सर कम साउण्ड रिकार्डिस्ट (संविदा) |
| 23 | श्री मुकुन्द गौर | कम्प्यूटर ग्राफिक आर्टिस्ट (संविदा) |
| 24 | श्रीमती माधुरी यादव | डेस्क सहायक (संविदा) |
| 25 | श्री पुरूषोत्तम दास बैगा | वाहन चालक |

| क्र. | शासकीय सेवक का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 26 | श्री तुलाराम | वाहन चालक |
| 27 | श्री सैय्यद शाहिद अहमद | वाहन चालक |
| 28 | श्री रमेश कुमार भुयारकर | वाहन चालक |
| **चतुर्थ श्रेणी (नियमित स्थापना) -** | | |
| 29 | श्री रमेश कुमार पोखरियाल | भृत्य |
| 30 | श्री नितिन बाथम | भृत्य |
| 31 | श्री उमेश धपाड़े | भृत्य |
| 32 | श्री केदार गौड़ | चौकीदार |
| 33 | श्री संतोष कुमार शुक्ला | हैल्पर (संविदा) |
| 34 | श्री प्रदीप बाथम | हैल्पर (संविदा) |
| **आकस्मिकता निधि सेवा -** | | |
| 35 | श्री ब्रजकेश यादव | रसोईया |
| 36 | श्री लीलाकिशन | सहायक रसोईया |
| 37 | श्री वरूण कुमार मेरावी | सहायक रसोईया |
| 38 | श्री सुनील कटारे | फर्राश |
| 39 | श्री हुकुमचन्द्र प्रजापति | फर्राश |
| 40 | श्री ब्रजमोहन ठाकुर | फर्राश |
| 41 | श्री रामसेवक | स्वीपर |
| 42 | श्री शिवजी प्रसाद | वेटर |
| 43 | श्री रामकुमार मेरावी | माली |
| 44 | श्री रामलखन यादव | भृत्य |
| 45 | श्री अजय वर्मा | वेटर |
| **स्थायी कर्मी -** | | |
| 46 | श्री लल्लू प्रसाद पाण्डेय | स्थायी कर्मी |
| 47 | श्री मुन्नालाल राठौर | स्थायी कर्मी |
| 48 | श्री मांगीलाल अहिरवार | स्थायी कर्मी |
| 49 | श्री मांगीलाल राजपूत | स्थायी कर्मी |
| 50 | श्री सुभाष सिंह | स्थायी कर्मी |

| क्र. | शासकीय सेवक का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 51 | श्री लक्ष्मण सिंह लोहिया | स्थायी कर्मी |
| 52 | श्री मिन्टू समद्दार | स्थायी कर्मी |
| 53 | श्री सुरेश | स्थायी कर्मी |
| 54 | श्री नारायण पवांर | स्थायी कर्मी |
| 55 | श्री बी.एस. पाटिल | स्थायी कर्मी |
| 56 | श्री रतन मौरे | स्थायी कर्मी |
| 57 | श्री उत्तम मौरे | स्थायी कर्मी |
| 58 | श्री किशोर कुमार घरडे | स्थायी कर्मी |
| 59 | श्री भरत वर्मा | स्थायी कर्मी |

## वित्तीय वर्ष 2024-24 में सेवानिवृत्त शासकीय सेवक

| क्र. | शासकीय सेवक का नाम एवं पदनाम | सेवानिवृत्ति दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | श्री रामप्रकाश भास्कर, सहायक ग्रेड-3 | 30/09/2024 |
| 2 | श्री भगवती, नर्सरीमेन | 30/09/2024 |
| 3 | श्री अमरचंद, स्थाई कर्मी | 31/12/2024 |

# प्रशासन अकादमी की अधोसंरचना

- प्रशासन अकादमी का परिसर 43 एकड़ क्षेत्रफल में फैला हुआ है। अकादमी में राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के अधिकारियों के प्रशिक्षण एवं आवासीय व्यवस्था उपलब्ध कराई जाती है।
- अकादमी मुख्य भवन में संकाय सदस्यों के कक्षों के अतिरिक्त आधुनिक सुविधाओं से लैस 10 स्मार्ट क्लास रूम, आधुनिक हॉल, क्रांन्फ्रेंस हॉल, ऑडिटोरियम हॉल, मिनी थियेटर, 05 कम्प्यूटर लेब, ग्रंथालय एवं 500 सीटर स्वर्ण जयंती सभागार स्थित हैं।
- अकादमी में सेवारत अधिकारियों/कर्मचारियों के परिसर में निवास हेतु 81 आवास गृह स्थित हैं।
- प्रशासन अकादमी मिनी कॉन्फ्रेंस हॉल एवं अन्य प्रशिक्षण कक्षों में नये ऑडियो विजुअल उपकरणों को स्थापित किया गया।






# छात्रावास

आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी द्वारा मध्यप्रदेश शासन एवं भारत सरकार के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के लिये पूरे वर्ष प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों में आने वाले प्रशिक्षु अधिकारियों के आवास की व्यवस्था अकादमी परिसर में स्थित छात्रावास क्रं. 01 एवं 02 में की जाती है।

छात्रावास क्रं.01 में सिंगल बेड, डबल बेड, डबलबेड डीलक्स, डबलबेड सुपर डीलक्स एवं ट्रिपलबेड के कुल 162 कक्ष है, जिसमें लगभग 300 प्रशिक्षु अधिकारियों की आवास की व्यवस्था की जा सकती है। कक्षों में प्रशिक्षु अधिकारियों के मनोरंजन के लिये एलसीडी टीवी मय केबल कनेक्शन के साथ स्थापित किये गये है।

छात्रावास क्रं. 02 में 52 डबलबेड कक्षों में 104 प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए आवास व्यवस्था उपलब्ध है।

| | |
|---|---|
|  |  |
| **छात्रावास क्रमांक-1** | **छात्रावास क्रमांक-2** |

छात्रावास में सभी कक्ष वातानुकूलित है तथा छात्रावास के कक्षो में वाईफाई इंटरनेट की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। साथ ही छात्रावास के प्रत्येक तल पर शुद्ध पेयजल हेतु वॉटर प्यूरीफायर मशीनें स्थापित है। छात्रावास में ठहरने वाले प्रशिक्षु अधिकारियों की सुविधा के लिये कम्प्यूटर कक्ष उपलब्ध है। छात्रावास में आवासरत प्रशिक्षु अधिकारियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु वरिष्ठ चिकित्सक की सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं ।

## अकादमी मैस

छात्रावास भवन में ठहरने वाले प्रशिक्षु अधिकारियों की भोजन व्यवस्था हेतु आधुनिक सुविधाओं से युक्त तीन वातानुकूलित भोजन कक्ष है, जिसमें लगभग 300 प्रतिभागियों/व्यक्तियों/प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए एक साथ भोजन की व्यवस्था की जा सकती है।

|  |  |
|---|---|
| **मैस** | **अतिथि गृह** |

## अतिथि गृह (गेस्ट हाउस)

प्रशासन अकादमी में विशेष अतिथियों/अतिथि व्याख्याताओं के आवास हेतु अतिथि गृह है जिसमें आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित 07 वातानुकूलित डबल बेड कक्ष (सूट) उपलब्ध है। अतिथिगृह में वातानुकूलित लाउंज एवं डायनिंग हॉल भी उपलब्ध है।

# उपलब्ध खेल-सुविधाएं

प्रशासन अकादमी में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित अधिकारियों के लिए खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने की दृष्टि से आर.सी.व्ही.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय आकदमी स्पोर्ट्स कल्चरल एण्ड यूथ वेलफेयर सोसायटी का गठन मध्यप्रदेश रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1973 के अधीन 19 सितम्बर 2002 को किया गया है।

प्रशिक्षणार्थियों को खेलकूद सुविधा उपलब्ध कराने की दृष्टि से परिसर में बैडमिंटन, स्क्वॉश, लॉन टेनिस कोर्ट, बास्केटबाल कोर्ट, टेबल टेनिस हॉल, वातानुकूलित जिम, बिलियर्ड कक्ष, योगा हॉल के अतिरिक्त फुटबाल ग्राउण्ड, वॉलीबाल कोर्ट एवं स्वीमिंग पूल उपलब्ध हैं तथा एक अतिरिक्त बैडमिंटन हॉल स्थापित है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले प्रशिक्षु अधिकारियों को प्रातःकाल पी.टी. प्रशिक्षण खेल विशेषज्ञों एवं प्रशिक्षकों द्वारा प्रदाय किया जाता है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए विविध खेलकूद एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है।









<u>**अकादमी ग्रंथालय**</u>

प्रशासन अकादमी में सर्वसुविधायुक्त ग्रंथालय स्थापित है, जिसमें सन्दर्भ ग्रंथ जैसे-विश्वकोष, हैण्डबुक, ईयर बुक, डिक्शनरी, एटलस, गजेटियर साथ ही हिन्दी एवं अंग्रेजी में विभिन्न विषयों ''लोक प्रशासन, कम्प्यूटर, साहित्य, समाज शास्त्र, राजनीति शास्त्र, विधि एवं प्रबंधन आदि से संबंधित लगभग 45,000 पुस्तकें उपलब्ध हैं। ग्रंथालय में प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए पत्रिकाएँ, जर्नल्स एवं राष्ट्रीय व स्थानीय स्तर के समाचार पत्र उपलब्ध कराये जाते हैं । साथ ही प्रशिक्षु शासकीय सेवकों को नवीन विषयों की अद्यतन जानकारी प्राप्त करने के लिए सर्वसुविधायुक्त कम्प्यूटर्स स्थापित हैं तथा ग्रंथालय में बैठकर अध्ययन करने हेतु दो वातानुकूलित रीडिंग रूम उपलब्ध हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले प्रतियोगियों के लिए भी सदस्यता प्रारम्भ की गई है । जिसे मात्र छः माह के लिए लागू किया गया है।

ग्रंथालय द्वारा कोहा सॉफ्टवेयर के माध्यम से प्रशिक्षु अधिकारियों एवं अन्य सदस्यों को पुस्तकों की उपलब्धता की जानकारी Online Public Access Cataloguing (OPAC) की सुविधा पाठकों को प्रदाय की जा रही है।






# विभिन्न केन्द्र एवं परियोजनाएं

प्रशासन अकादमी में भारत सरकार एवं राज्य सरकार की सहायता से विशिष्ट विषयों के प्रशिक्षण हेतु वर्तमान में निम्नानुसार केन्द्र/परियोजना स्थापित हैं :-

- सेटकॉम केन्द्र
- महिला संसाधन केन्द्र
- ज्ञान प्रबन्धन एवं सुशासन केन्द्र
- मिशन कर्मयोगी कार्यकारी प्रकोष्ठ
- सूचना का अधिकार क्षमता संवर्धन परियोजना
- सभी के लिए प्रशिक्षण परियोजना
- कमिट परियोजना
- सेवोत्तम परियोजना

# वर्ष 2024-25 में आयोजित विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम

| कोड नंबर | प्रशिक्षण का नाम | प्रायोजक का नाम | प्रशिक्षणार्थियों का स्तर | अवधि | दिनांक से | दिनांक तक | नामांकित/ पंजीकृत प्रशिक्षणार्थियों संख्या | प्रशिक्षण संचालक | सह-प्रशिक्षण संचालक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 117 | भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2023 बैच के परिवीक्षाधीन अधिकारियों का राज्य प्रशिक्षण | सामान्य प्रशासन विभाग | प्रथम श्रेणी अधिकारी | **5-Weeks** | **10/6/2024** | **12/7/2024** | **9/9** | मुजीबुर्रहमान खान | नेहा भारतीय |
| 275 | भारतीय विदेश सेवा बैच 2008 के अधिकारियों का राज्य प्रशिक्षण कार्यक्रम | सामान्य प्रशासन विभाग | प्रथम श्रेणी अधिकारी | **01-Week** | **08/07/2024** | **12/07/2024** | **1/1** | मुजीबुर्रहमान खान | नंदा भलावे कुशरे |
| 293 | भारतीय विदेश सेवा 2012 बैच के अधिकारी का राज्य प्रशिक्षण | सामान्य प्रशासन विभाग | प्रथम श्रेणी अधिकारी | **01- Week** | **27/08/2024** | **30/08/2024** | **3/3** | मुजीबुर्रहमान खान | नेहा भारतीय |
| 300 | भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2023 बैच के अधिकारियों का (ग्वालियर में आयुक्त भू-अभिलेख एवं बंदोबस्त में सर्वे प्रशिक्षण) | सामान्य प्रशासन विभाग | प्रथम श्रेणी अधिकारी | **01-Week** | **30/09/2024** | **04/10/2024** | **9/0** | मुजीबुर्रहमान खान | नेहा भारतीय |
| 301 | भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2023 बैच के अधिकारियों का (मध्यप्रदेश दर्शन) | सामान्य प्रशासन विभाग | प्रथम श्रेणी अधिकारी | **02-Weeks** | **07/10/2024** | **18/10/2024** | **9/0** | मुजीबुर्रहमान खान | नेहा भारतीय |
| 346 | विदेश सेवा के अधिकारियों का राज्य संलग्नीकरण | सामान्य प्रशासन विभाग | प्रथम श्रेणी अधिकारी | **01-Week** | **27/01/2025** | **31/01/2025** | **7/0** | मुजीबुर्रहमान खान | नेहा भारतीय |

| कोड नंबर | प्रशिक्षण का नाम | प्रायोजक का नाम | प्रशिक्षणार्थियों का स्तर | अवधि | दिनांक से | दिनांक तक | नामांकित/ पंजीकृत प्रशिक्षणार्थियों संख्या | प्रशिक्षण संचालक | सह-प्रशिक्षण संचालक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 120 | मंत्रालय के शासकीय सेवकों के क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम | सामान्य प्रशासन विभाग | प्रथम /द्वितीय /तृतीय श्रेणी के शासकीय सेवक | **2-Weeks** | **20/05/2024** | **31/05/2024** | **49/45** | नेहा भारतीय | कहकशां सिद्दीकी |
| 274 | नायब तहसीलदारों के लिए परिचयात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम | राजस्व विभाग | प्रथम/ द्वितीय श्रेणी अधिकारी | **5 - Weeks** | **14/10/2024** | **14/11/2024** | **76/76** | नेहा भारतीय | अनादि मिश्रा |
| 286 | मिड कैरियर प्रशिक्षण कार्यक्रम (MCTP) | पुलिस मुख्यालय | प्रथम/ द्वितीय श्रेणी अधिकारी | **3 – Days** | **26/11/2024** | **28/11/2024** | **27/30** | नेहा भारतीय | निधि साकल्ले |
| 323 | भारतीय वन सेवा संवर्ग के वन मण्डलाधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम | कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक, | प्रथम/ द्वितीय श्रेणी अधिकारी | **6 - Days** | **6/1/2025** | **11/1/2025** | **4035/** | नेहा भारतीय | निधि साकल्ले |
| 98 | 112वॉं (क्षमता निर्माण) आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम | सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाए, कोष एवं लेखा संचालनालय, राजस्व विभाग, लोक शिक्षण संचालनालय, श्रम संचालनालय | प्रथम/ द्वितीय श्रेणी अधिकारी | **7 - Weeks** | **22/04/2024** | **7/6/2024** | **62/62** | नंदा भलावे कुशरे | प्रिया शर्मा |
| 118 | उप जिलाध्यक्षों के लिए परिचयात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम | सामान्य प्रशासन विभाग | प्रथम/ द्वितीय श्रेणी अधिकारी | **16 - Weeks** | **29/07/2024** | **14/11/2024** | **44/44** | नंदा भलावे कुशरे | प्रिया शर्मा |
| 1 | आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम | भारत सरकार, सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबंधन संस्थान | प्रथम दितीय/ श्रेणी अधिकारी | **9 - Weeks** | **8/4/2024** | **7/6/2024** | **59/60** | डॉ अनुपमा रावत | कहकशां सिद्दीकी |

# उपलब्धियां

## प्रशिक्षण :-

प्रशासन अकादमी द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक कुल 259 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से 9035 शासकीय सेवकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है, भारतीय प्रशासनिक सेवा संवर्ग-2023, भारतीय विदेश सेवा संवर्ग-2008 एवं 2012 के अधिकारियों का राज्य प्रशिक्षण कार्यक्रम, भारत सरकार, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा प्रायोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम, भारत सरकार, सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबंधन संस्थान के अधिकारियों का आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम, बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान के 122 अधिकारियों का प्रशिक्षण-सह-अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम तथा मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग से चयनित 2019 एवं 2020 बैच के 527 अधिकारियों का संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम, राज्य प्रशासनिक सेवा संवर्ग 2019 एवं 2020 के अधिकारियों का परिचयात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम, लोक निर्माण विभाग के 132 नवनियुक्त सहायक यंत्रियों का आधारभूत सह विभागीय कार्यशैली प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं राज्य शासन के विभिन्न विभागों के प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय श्रेणी के शासकीय सेवकों को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाना सम्मिलित है।

2. आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 में लगभग 350 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

3. भारत सरकार, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन विभाग द्वारा प्रायोजित सेवोत्तम परियोजना के अंतर्गत National Workshop on Sevottam and Effective Redressal of Public Grievances दिनांक 20-2-2025 को आयोजित की गई।

## मिशन कर्मयोगी :–

मिशन कर्मयोगी कार्यक्रम के अंतर्गत मंत्रालयीन सेवा के तृतीय श्रेणी के शासकीय सेवकों की क्षमता संवर्धन हेतु 305 शासकीय सेवकों को प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ ही 15 कार्यशालायें भी आयोजित की गई तथा उपरोक्त कार्यक्रम के तहत निम्नलिखित 11 विषयों के हिन्दी प्रशिक्षण कार्यक्रमों को तैयार कर iGOT Platform पर अपलोड किया गया है:-

- मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965

- सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत लोक सूचना अधिकारी की भूमिका
- कार्यस्थल पर तनाव प्रबंधन
- म.प्र. शासन के शासकीय सेवकों के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली
- यात्रा भत्ता
- चिकित्सा नियम
- अवकाश नियम
- निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961
- GST की मूल अवधारणा और निविदा प्रक्रिया में सावधानियाँ
- मध्यप्रदेश क्षमता निर्माण नीति 2023
- महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013

2. क्षमता निर्माण आयोग के राष्ट्रीय मापदण्डों के अंतर्गत अकादमी को 10 अक्टूबर, 2024 को मान्यता (Accreditation) भी प्रदान की गई है।

3. अकादमी द्वारा राज्य शासन के विभिन्न विभागों को iGOT Platform पर पंजीकरण करने में सहयोग प्रदान किया गया, जिसके फलस्वरूप विभिन्न विभागों के लगभग 70,000 शासकीय सेवकों का पंजीकरण किया गया।

4. मध्यप्रदेश के शासकीय सेवकों द्वारा iGOT Platform पर 1,30,000 से अधिक प्रशिक्षण कार्यक्रम iGOT Platform के माध्यम से पूर्ण किये जा चुके हैं।

5. अकादमी द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में मिशन कर्मयोगी कार्यक्रम के अंतर्गत 15 कार्यशालाएं एवं बैठकें आयोजित की जाकर क्षमता निर्माण नीति-2023 के उद्देश्यों के अनुरूप विभागों की भूमिका और शासकीय सेवकों का iGOT Platform पर पंजीकरण एवं डिजिटल कोर्स निर्मित करने की प्रक्रिया पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

**<u>स्थापना</u> :-**

तृतीय श्रेणी के अन्तर्गत दिव्यांगजन के लिए (दृष्टिबाधित और कम दृष्टिबाधित) श्रेणी अनुरूप चिन्हित सहायक ग्रेड-3 के पद पर दिनांक 01/07/2024 को दृष्टिबाधित और कम दृष्टिबाधित दिव्यांग को नियुक्ति प्रदान की गई ।

## ग्रंथालय :-

1. ग्रंथालय द्वारा तृतीय श्रेणी कर्मचारियों और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं को ग्रंथालय में बैठकर पढ़ने की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।
2. ग्रंथालय में ई-रिसोर्स डेलनेट की सुविधा उपलब्ध है, जिसके अन्तर्गत पाठकों द्वारा ऑनलाईन ई-बुक्स, जर्नल्स का अध्ययन किया जा सकता है।
3. ग्रंथालय में ई-लायब्रेरी स्थापित किये जाने की कार्यवाही प्रचलन में है ।
4. ग्रंथालय में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा लिखित पुस्तकों का कॉर्नर तैयार किया गया है।
5. ग्रंथालय में कोहा सॉफ्टवेयर के माध्यम से Online Public Access Catalogue (OPAC) की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

## संपदा :-

प्रशासनिक भवन एवं छात्रावास क्रमांक एक तथा दो में दिव्यांगजनों हेतु सुगम्य परिसर के अन्तर्गत एम.एस. रेलिंग एवं रैम्प तथा दृष्टिबाधित दिव्यांगजन हेतु Blind Tracking Tiles लगाई गई, वाहन पार्किंग हेतु शेड का निर्माण, दिव्यांगजन के उपयोग हेतु सुगम कॉमन टॉयलेट की व्यवस्था की गई, दिव्यांगजन हेतु छात्रावास के 2 कमरों के रिनोवेशन के कार्य किये गये।

## लेखा एवं बजट:-

मध्यप्रदेश प्रशासन अकादमी को मांग संख्या-01 मुख्य शीर्ष, 2070-अन्य प्रशासनिक सेवाएं 003-प्रशिक्षण योजना क्र.(2716) के अंतर्गत वर्ष 2024-25 के लिये राजस्व अनुभाग में राशि रूपये 19,22,26,000/- (रूपये उन्नीस करोड़, बाईस लाख, छब्बीस हजार मात्र) का प्रावधान किया गया है।

लेखा शीर्ष (4070) के योजना क्रमांक (1510) में राशि रू. 52,55,000/- का प्रावधान किया गया है। साथ ही उद्देश्य शीर्ष #53 -''डिक्री धन का भुगतान (भारित) में राशि रू. 1,00,000/- का प्रावधान किया गया है।

पूंजीगत अनुभाग (4059) में राशि 3,000/- (रू. तीन हजार मात्र) प्रावधान किया गया है।

------